GRIID Students Won Medals in State Table Tennis Championship

GRIID students won gold and silver medals on 08th September, 2021 in State Table Tennis Championship organised by Special Olympics Bharat Chandigarh Chapter at SOREM, sector 36, Chandigarh. More than 25 players participated in the Championship. Hemant Gupta won gold medal in M-3 division, Shankar and Tejinder won gold and silver medals respectively in F-1division, Diksha won gold medal in F-2 division and Kartik won gold in M-2.

दैनिक भास्कर चंडीगढ़ भास्कर 11-09-2021

टेबल टेनिस: ग्रिड-31 सेंटर के स्टार्स ने हासिल किए 4 खिताब

डिविजन एम-4 में भवन के हार्दिक पाहवा ने खिताब हासिल किया

चंडीगढ़. स्पेशल ओलिंपिक भारत चंडीगढ़ चैप्टर के द्वारा स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन किया गया और इसमें ग्रिड-31 के एथलीट्स ने चार टाइटल हासिल किए। स्पेशल ओलिंपिक्स भारत चंडीगढ़ चैप्टर की डायरेक्टर नीलू सरीन ने इस इवेंट के लिए सभी प्लेयर्स, कोचेज, टीचर्स और पेरेंट्स को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आने वाली वर्ल्ड गेम्स के लिए भी प्लेयर्स तैयारी शुरू करेंगे। इसमें ग्रिड-31,सोरम-36,भवन विद्यालय, आशा स्कूल चंडीमंदिर के एथलीट्स ने हिस्सा लिया और साथ में सभी स्पेशल एथलीट्स के लिए इसमें ओपन एंट्री रखी गई थी।

इसमें पहला टाइटल ग्रिड की दीक्षा ने हासिल किया। उन्होंने एफ-2 डिविजन में सोरम-31 की हरलीन को मात दी। दीक्षा ने पहला सेट 11-9 से जीता और दूसरे में भी उन्हें 11-9 से जीत मिली। वहीं डिविजन एम-2 में ग्रिड को खिताब कार्तिक ने दिलाया। उन्होंने ओपन एंट्री के तौर पर खेल रहे अक्षित को आसानी के साथ 11-2, 11-9 से मात दी। डिविजन एम-4 में भवन-27 के हार्दिक पाहवा विजेता बने। उन्होंने सोरम के मनी को 11-8, 13-11 से हराकर टाइटल जीता।

हेमंत गुप्ता और शंकर भी बने चैंपियन...

डिविजन एम-3 में हेमंत गुप्ता विजेता बने। ग्रिड-31 के हेमंत गुप्ता ने भवन-27 के हेमंत बजाज को 11-1, 11-6 से मात दी। डिविजन एफ-1 में शंकर ने ग्रिड को चौथा खिताब दिलाया। उन्होंने फाइनल में अपने ही सेंटर के तजिंदर को तीन सेट में मात दी। दोनों प्लेयर्स के बीच मुकाबला रोमांचक रहा। शंकर ने खिताबी मुकाबले में पहला सेट 9-11 से गंवा दिया लेकिन इसके बाद वे लय में लौटे। अगले दो सेट शंकर ने 11-9, 11-9 से जीते और मैच को अपने नाम कर लिया।

News Coverage

हार्दिक व दीक्षा ने जीती चैंपियनशिप

स्पेशल खिलाड़ियों के लिए आयोजित टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ी। विज्ञप्ति

चंडीगढ़। स्पेशल ओलंपिक भारत चंडीगढ़ चैप्टर ने स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप का आयोजन सेक्टर-36 स्थित सोरेम स्कूल में किया। इसमें 25 स्पेशल खिलाड़ियों ने शिरकत की। लड़कों के वर्ग में हार्दिक पावा और लड़कियों के वर्ग में दीक्षा विजेता बनी।

स्पेशल ओलंपिक भारत चंडीगढ़ चैप्टर की डायरेक्टर नीलू सरीन ने स्टेट टेबल टेनिस

25 स्पेशल बच्चों ने टेबल टेनिस चैंपियनशिप मुकाबलों में लिया भाग

चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों, कोच, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। चैंपियनशिप में ग्रिड-31, सोरेम-36, भवन विद्यालय, आशा स्कूल चंडीमंदिर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। संवाद

News Coverage